Vanbandhu Parishad - Rashtriya Mahila Samiti

EKAL SHAKTI

Vol. XIII - December '21 - January '22

मकर संक्रांति

हाथों में है पतंग की डोर,
दिल उड़ चला आसमान की ओर -
आपकी छोटी सी पहल लाएगी नयी भोर,
दूर होगा अज्ञानता का कोहरा -
शिक्षा से आएगा नया सवेरा !

ममत्व से भरा उपहार का यह पर्व है,
सभी के सहयोग पर हमें बड़ा गर्व है।

अध्यक्षीय मनोगत

राष्ट्र निर्माण व महिला शक्ति

भारत की लगभग आधी जनसँख्या का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती हैं।
महिलाएं चाहे ग्रामीण हो या शहरी; एक बहन, पत्नी और मां के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह जीवन पर्यंत करती हैं। महिलाओं से ही परिवार बनता है, परिवार से ही समाजऔर समाज से ही देश बनता है। महिलाओं की क्षमता को नजरअंदाज करके सुसंस्कृत समाज की कल्पना करना व्यर्थ है।
एकल ने हम शहरी महिलाओं को देश के प्रति अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया है।

एकल से जुड़कर हमने यह जाना कि वनवासी समाज ही ढाल बनकर देश को सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

इतिहास गवाह है कि जब महाराणा प्रताप जंगलों में छुपे बैठे थे तो वनवासियों ने बिना किसी अपेक्षा के उनकी सहायता की थी। भगवान श्री राम का साथ वनवासियों ने बिना किसी लालच के दिया था। आज भी हमारी सेना में अधिकांश जवान वनवासी समाज से ही हैं क्यों कि देश प्रेम इनके रक्त में दौड़ता है।

एकल ने हमारे समक्ष यह प्रश्न रखा है कि क्या कारण है यह वनवासी समाज जो राष्ट्र का इतना महत्वपूर्ण अंग है, आजादी के 75 साल पश्चात भी प्रगति की मुख्य धारा से इतना पीछे है। कौन इन्हें सक्षम बनाएगा, कौन इन की प्रगति के बारे में सोचेगा? सरकार तो अपना कार्य कर रही है लेकिन सरकार को भी जागरूक समाज से ही शक्ति मिलती है।

अब समय आ गया है कि हम एकल का साथ दें और जन-जन को इस अभियान से जोड़ें और वनवासी समाज को सक्षम व सुसंस्कृत बनाएं। हथेली से लगी पांचों अंगुलियां महत्वपूर्ण होती हैं लेकिन हथेली में समाने से ही यह एक सशक्त मुट्ठी का रूप लेती है। इन वनवासियों को भी अपनी हथेली की मुट्ठी की ताकत समझें। इनके बिना यह देश सशक्त हो ही नहीं सकता।

हमारे एकल विद्यालय ना सिर्फ बनवासी बच्चों की शिक्षा का कार्य करते हैं बल्कि गांवों में जागरूकता लाकरग्राम वासियों को अपने गांवों की सुरक्षा के लिए भी प्रेरित करते हैं। उत्तर और उत्तर पूर्व की संपूर्ण सीमा रेखा में हमारे एकल विद्यालय एक प्रहरी की तरह देश की सुरक्षा का कार्य कर रहे हैं।

इसके पहले कि अराजकता का बोल बाला हो जाए, हम महिलाओं को ही ढाल बनकर अपने देश की रक्षा करनी है। हम महिलाएं यदि देश की सुरक्षा और उन्नति के लिए समर्पित होंगी तभी भारत का बच्चा बच्चा देश प्रेम की भावना से स्वयं ही अपने लिए सही मार्ग का चयन करेगा। वह स्वयं तो अच्छी जिंदगी जिएगा, साथ ही देश के उत्थान की बात भी सोचेगा।

हम सौभाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने हमें एकल के लिए चुना है । आइए हम सभी बहनें मिलकर अपने सपनों के सुंदर, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी अपनी आहुति देने में गर्व की अनुभूति करें।

भारत माता की जय !
लता मालपानी -चेन्नई,
अध्यक्ष

सचिव की कलम से

प्रिय बहनो,

एकल अभिवादन।

महिला समिति की सम्पूर्ण वर्ष की सबसे बड़ी कार्य योजना पूर्ण हुई यानी संक्रांति संग्रह। कहते हैं बूँद बूँद से सागर भरता है। यही संक्रांति संग्रह है। छोटी छोटी राशि से बड़ी राशि एकत्रित करने का सफल प्रयोग। ये एकल में दान दाता से कार्यकर्ता बनने का जीवंत उदाहरण है।

अधिकांशतः सदस्य विद्यालय डोनर के रूप में जुड़े व एकल के संग्रहकर्ता हो गए। भूल गए कि कभी हमें माँगने में संकोच होता था। ये है एकल का जादू। एकल के प्रति हमारा प्यार समर्पण व निष्ठा। सभी समितियों को इतने अच्छे संक्रांति संग्रह के लिए बधाई, साधुवाद, धन्यवाद।

कोरोना के संकट काल को हमने चुनौती काल के रूप में लिया। पूरे विश्व ने नारी शक्ति का लोहा माना। घर में धैर्य, व्यवस्था, गृहकार्य, सब महिलाओं के भरोसे। ऑफ़िस स्कूल सब घर में आ गए। इतने फ़्रंट सम्भालने के बाद यदि हमारी महिला समितियाँ नई ऊँचाईयां छूती हैं, मेम्बरशिप बढ़ातीहैं, पूर्णक़ालीनो की माँ का दायित्व निभाती हैं तो सिद्ध होगया नारी शक्ति के बिना एकल अधूरा है।

ऋषिकेश की AGM का उत्साह चरम सीमा पर है। पावन गंगा और एकल गंगा का मिलन पर्व है। सबसे मिलने की ललक है।

अभी 2 महीना वनयात्रा का मौसम है। सभी विद्यालयों को वापस सुचारु करने में हमें बड़ा योगदान देना है, मेहनत करनी है, नई उचाइयों पर लेजाने का संकल्प करना है। २ साल की परिस्थितियों का असर सब जगह आया है, अतः हमें कहीं भी आलोचनात्मक रवैया ना रखकर प्रयासरत सहायात्मक रवैया रखना है।

हम ऋषिकेश में बहुत शीघ्र मिलेंगे,

स्वागतातुर

विनीता जाजू,

सचिव,

राष्ट्रीय महिला समिति।

Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vinita Jajoo

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

WEST ZONE

Bhopal Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Anupama Sharma

वनबंधु परिषद भोपाल महिला समिति द्वारा आयोजित संक्रांति कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। २ नये सदस्य जुड़े जिन्हें एकल अभियान के बारे में बताया गया। वनबंधु परिषद के ब्रोशर बाटें गए।

WEST ZONE

Gwalior Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Onila Shinde

वनबंधु परिषद ग्वालियर महिला समिति की २ दिसंबर को आयोजित मासिक बैठक का उद्देश्य इंदौर से आई श्रीमती प्रतिभाजी दुबे (डबरा अंचल प्रभारी) का सभी समिति सदस्यों से परिचय एवं समिति को विद्यालय विकास योजना से अवगत कराना था। सभी बिषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। हमें स्वदेशी सामान क्यों उपयोग करना चाहिए इसके बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी गई।

३ दिसंबर को प्रतिभाजी के साथ मुरार संच के आदिवासी कापुरा विद्यालय पर वन यात्रा पर गए, जहां आचार्यों का वर्ग चल रहा था। प्रतिभाजी की सभी से विस्तृत चर्चा हुई। स्वल्पाहार के साथ वन यात्रा का समापन हुआ। इसके उपरांत अतिथियो को ग्वालियर क़िले का भ्रमण कराया।

महिला समिती द्वारा जय विलास पैलेस में, २४ दिसंबर से २६ दिसंबर तक, 'Go-Kriti Cow Dung Products' की तरफ से तीन दिवसीय स्टाल लगाया गया। महिला समिती द्वारा जय विलास पैलेस में, २४ डिसंबर से २६ डिसेंबर तक, 'Go-Kriti Cow Dung Products' की तरफ से तीन दिवसीय स्टाल लगाया गया।

दिनांक २५ जनवरी को आदर्श गौशाला ललितपुरा, मुरार में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर एक दिवसीय गौसम्वर्धन हेतु स्टाल लगाया गया जिसके द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।

WEST ZONE

Indore Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Meena Garg

Ek Shaam Ekal Ke Naam

The Sneh Milan of the Indore Chapter which was being missed for the last couple of years was organised on 18th December. More than 300 members and donors graced the event. The Lamp of Enlightenment was lighted by Smt. Geetaji Mundhra, Shri Ramavtarji Jajoo, Shri Shiv Kumarji Choudhary, Shri Narendraji Singhal, Smt Rasnidhiji Gupta, Shri Atulji Gupta, Shri CK Agrawalji, Smt Madhviji Jhawar and Smt Rasuji Jain.

All the guests were welcomed by the working President, Shri Atulji Gupta. The National General Secretary Smt Geetaji Mundra and the Chapter President Shri Ramavtarji Jajoo shared their valuable thoughts & ideas regarding Ekal. It was truly an honour to hear them

The centre of attraction was a live show titled 'Ekal Pathshala' where a few students and acharyas of Ekal Vidyalaya of Khandwa Anchal gave a live demonstration of the teaching methods used at the Ekal schools. Their performance stole everyone's heart.

Other attractions were the 'Ekal quiz' which was conducted with great enthusiasm and the stalls which displayed products designed under the 'Master-G project' and made by the rural youths.

Shri Sunilji & Smt Shikhaji Sharma had everyone mesmerised that evening by their melodious singing. The musical evening was followed by an amazing dinner spread. All the students & acharyas were felicitated with gift hampers. Next day, they were taken to the zoo. It was a memorable event which brought renewed zeal & enthusiasm amongst the members

WEST ZONE

Indore Mahila Samiti

A visit to Kasrawad village Ekal School was organised by Indore Mahila Samiti on 23rd December. It was a very good experience. Members of Rotary club Rituji Grover and Kanchanji Motwani also accompanied the group. The villagers made excellent arrangements and welcomed all the visitors in a traditional way.

We noticed that the venue of the Ekal School was a covered area and was neat & clean and comfortable for the students. All the students were full of enthusiasm, which reflected in their greetings, prayers, singing and dancing. Each one wanted to demonstrate their ability by answering questions, reading, writing and showing their mathematical skills.

It was overwhelming to notice that children learnt their traditions in the form of sanjhageets and were also aware of taking care of their health and hygiene by daily brushing, bathing and keeping the surrounding clean. It was good to see that apart from hygiene, classes on Yoga were conducted thrice a week. It was heart warming to meet their Acharya Chaya Didi, a polio affected girl, MA student; who devoted a lot of time guiding and mentoring these children. We also motivated the elderly village folks to learn the basics of education, namely reading and counting and the response was really positive. Youngsters were excited by the opportunity to help their grandparents learn Hindi and counting. The meeting ended with tasty Dal Bafla served lovingly by Chhaya Didi's family.

On the occasion of Republic Day, Mahila Samiti, Indore went to the replica of Amar Jawan Jyoti, India Gate, at Regal Chouraha, Indore to salute the martyrdom of soldiers who lost their lives defending the sovereignty of our country. All the Samiti members were dressed in tricolour. Patriotic songs were sung by Pawanji Bhatiya. To mark the event, Tricolour balloons were released. We salute the martyrs who sacrificed their lives to save our Nation. Vande Mataram!

WEST ZONE

Mumbai Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Sadhna Mundra

वनबंधु परिषद मुंबई महिला समिति की बैठक १० दिसम्बर को हुई जिसमें २७ सदस्य उपस्थित थे। ॐ व मिनट्स वाचन के बाद प्रभाजी द्वारा कविता पाठ हुआ।

'How to Manage Emotions' इस विषय पर आशाजी वॉरीअर ने बहुत ही सरलता से प्रकाश डाला। विचारो से भावना, फ़िर उर्जा और उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव, चक्रों पर विचारों से होने वाला प्रभाव, दबी भावनाओं से होने वाली बीमारियाँ व उनपर क़ाबू आदि विषयों को सहजता से समझाया। होस्ट बीनाजी लढ्ढा ने १० विद्यालय दिए, समिति उनकी आभारी है।

मुंबई महिला समिति ने हर क्षेत्र में संक्रांत प्रभारी नियुक्त किए। हर प्रभारी ने नए विचारों और योजनाओं से संग्रह के लिए नए प्रकल्प तैयार किए।

हमारे सभी सदस्य एवं संक्रांत प्रभारियों विशेषतः श्रीमती रत्नीदेवी काबरा, श्रीमती कुंजलताजी भंसाली, श्रीमती कमलाजी कासठ, श्रीमती मनीषाजी डागा, श्रीमती सुमनजी माहेश्वरी, श्रीमती निकिताजी मुंदडा के प्रयास से इस वर्ष ४५,५०००० /- रुपये धनराशि का संग्रह हुआ जो अत्यंत सराहनीय है।

WEST ZONE

Nagpur Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Sunita Nawandar

वनबन्धु परिषद महिला समिति नागपुर ने दिवाली कार्निवल २९/११ को आयोजित किया। होटल हल्दीराम में आयोजित, इस रोशनी की लड़ियों से सुसज्जित कार्यक्रम में महिला समिति की सदस्यों ने जम के हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन और एकल गीत से हुई। अध्यक्षा श्रीमती मणी जी गोयंका ने सभी आगंतुकों को एकल विद्यालय के लक्ष्य की ओर ध्यान दिलाते हुए वनवासियों के बच्चों की शिक्षा पर दिल खोलकर दान देने एवम् इस पुण्य कार्य में अग्रसर होने के लिए कहा। उन्होंने कई दूसरी योजनाओं के बारे में भी बताया । कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका पद्मश्री जी सारडा एवं ज्योति जी कोठारी ने पूरे कार्निवल का जगमगता हुआ आयोजन किया। मंच संचालन करते हुए एकता भैया ने समा को बांधते हुए सभी का खूब मनोरंजन किया। सदस्यों द्वारा ८ गेम के स्टाल बहुत ही सुशोभित थे, जिसमें सभी ने बहुत बढ़-चढ़कर गेम खेलें । सभी स्टॉल बहुत आकर्षित कर रहे थे। दीपावली के माहौल में रोशनी बिखेरने वाले पुरस्कार जैसे अर्लीबर्ड, लकी ड्रॉ, बेस्ट स्टाल, ब्रेथलेस हाउजी आदि ने सभी को चकाचौंध कर दिया। सभी के लिए लजीज व्यंजनो की व्यवस्था थी । दीपावली का कार्यक्रम मशहूर गायक श्री राजेश दुर्गकर जी के गीतो से सुसज्जित संगीतमय था ! महिला समिति की सभी दानदाताओं को सुंदर से श्रीकृष्ण रुपी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। १० नयी सदस्याए जुडी और तीन सेवा पात्र भी दिए गए। नागपुर चैप्टर के गणमान्य सदस्य भी आमंत्रित थे जिन्होंने कार्यक्रम को बहुत सराहा।

कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव सचिव सीमा अग्रवाल ने प्रस्तुत किया।

WEST ZONE

Nagpur Mahila Samiti

नागपुर महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती मणि जी गोयंका तथा सचिव श्रीमती सीमा अग्रवाल २९ डिसंबर को सुबह ६ बजे, कड़कड़ाती ठंड में भारतीय विद्या भवन स्कूल नागपुर की १५ टीचर और प्रिंसिपल मैडम के साथ सालेकासा की वनयात्रा के लिए गयी। साथ में थी पूर्व अध्यक्षा श्रीमती उर्मिलाजी अग्रवाल, वनयात्रा प्रभारी ममताजी अग्रवाल, ज्योतिजी कोठारी और एकताजी भैया, पदमश्री जी सारडा भी थी। गांव पहुंचने पर नृत्य व संगीत के साथ भव्य स्वागत किया गया।

विद्यालय में दीप प्रज्वलन के बाद सभी टीचर्स ने बच्चों को ड्राइंग और कविता सिखाना शुरू कर दिया जिसका सभी बच्चों ने बहुत आनंद लिया। भारतीय विद्या भवन की टीचर्स बच्चों के लिए विभिन्न खेल, पुस्तकें, खाने पीने की विभिन्न वस्तुएं आदि भेंट स्वरूप लेकर गई थी, जिससे बच्चे बहुत खुश हो गए। सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था थी। महिलाओं द्वारा संचालित सिलाई केंद्र में भी भेंट दी गई।

सफर में आते और जाते दोनों समय एकता जी ममता जी और ज्योति जी के विभिन्न खेल अंताक्षरी आदि द्वारा सबका बहुत मनोरंजन किया गया। सभी के सहयोग से यह वनयात्रा बहुत बेमिसाल रही।

WEST ZONE

Nagpur Mahila Samiti

वनबन्धु परिषद महिला समिति नागपुर से २७ जनवरी को अध्यक्ष मणि गोईनका, अशोक गोईनका व मीना सुरेका काठकुंभ संच के काला पंढरी ग्राम में पहुंचे। यह चारों ओर से पहाड़ों से घिरा बड़ा ही रमणीय गांव है।

इस पूरे क्षेत्र में दूर दूर तक कोई मंदिर नहीं है, अतः श्रीमती मणि अशोक गोईनका के परिवार की ओर से यहाँ एक मंदिर निर्माण के संकल्प के तहत भूमि पूजन किया। उस क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण को रोकने के लिए ये एक ठोस व सामयिक पुण्य कदम है।

इस सुअवसर पर अंचल समिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, संच समिति, सरपंच व आर एस एस के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। वनवासियों ने उत्साह व प्यार से पारंपरिक ढोल नगाड़े व नृत्य के साथ सबका स्वागत किया। लगभग २५० से ३०० गांव वाले अपनी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित थे। उनका उत्साह चरम सीमा पर था। श्रीमती अनुसूयाजी अग्रवाल की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीमती पदमश्री सारडा के सहयोग से गांव में गर्भवती महिलाओं की जांच कराई गई। जिनका हिमोग्लोबिन बहुत ही कम था उन्हें गुड़, फली दाना,खजूर व सत्तू का आटा दिया गया। गांव वालों की ओर से प्यार भरा सहभोज हुआ। अंचल के अभियान, प्रशिक्षण, गतिविधि प्रमुख व उनकी टीम के अथक प्रयास से कार्यक्रम इतना सुचारु व सफल हो पाया।

WEST ZONE

Pune Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Aruna Lahoti

दिनांक१४ जनवरी को पुणे महिला समिति की ओर से स्थानीय चतुःश्रृंगी मंदिर में हमारे पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं के लिए संक्रांति उपहार योजना निमित्त साड़ी तथा कंबल के वितरण का संकल्प लिया गया। करोना की वजह से सदस्याओं की उपस्थिति कम रही। शीघ्र ही पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं को यह उपहार देने के लिए नारायण गांव जाने की योजना बनाई गई।

संकल्प करने के दो सप्ताह बाद, वनबंधु परिषद पुणे महिला समिति द्वारा, सुरक्षित समय देखकर, कोरोना सम्बंधित नियमों का पालन करते हुए, नारायण गांव जाकर, वहां आयोजित एक सम्मेलन में २६ पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं को मकर संक्रान्ति उपहार के रूप में कंबल, साड़ियां और मिष्ठान भेंट किये गए। इस अवसर पर पुणे से पश्चिम क्षेत्र सचिव श्रीमती अंजलि तापड़िया, पुणे महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना बेहेडे, सचिव श्रीमती रचना भूतड़ा, एकल शक्ति पत्रिका की संपादिका श्रीमती शोभना परांजपे और पुणे चॅप्टर के उपाध्यक्ष श्री दिलीप परांजपे उपस्थित थे। कार्यक्रम में २६ पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें १४ महिलाएं शामिल थीं।

वार्तालाप में इन्होंने बताया कि अब सभी गांवों में एकल विद्यालय ठीक से चल रहे हैं और बच्चों की उपस्थिति ८०% से अधिक रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचमुखी शिक्षा के अन्य आयाम भी सही प्रकार से चलाए जा रहे हैं। सभी गांवों में जो ऑक्सीमीटर आदि वितरित किए गए थे, वह सही स्थिति में है, हालांकि सौभाग्य से गांवों में करोना का फैलाव बहुत कम होने के कारण इन की जरूरत नहीं पड़ी।

महिला कार्यकर्ताओं को अपनी घर गृहस्थी संभालने के साथ एकल का काम करना होता है, जो वह बड़ी लगन से करती है। अधिकांश कार्यकर्ताओं ने जूम या गूगल पर वार्तालाप करना सीख लिया है। इतना ही नहीं, एक महिला कार्यकर्ता तो स्वयं वीडियो बनाकर यू-ट्यूब पर भेजना भी सीख चुकी है और 'पुढाकार' चॅनेल पर लगातार भेज भी रहीं हैं, जो बहुत ही प्रशंसनीय है।

इस कार्यक्रम के अवसर पर नारायण गांव आंचल के पदाधिकारी श्री चंद्रहास श्रोत्री, भारती ताई, रुक्मिणी ताई तथा आंचल प्रमुख श्री हिंगे भी उपस्थित थे।

NORTH ZONE

Agra Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Shalini Garg

वन बंधु आगरा महिला समिति ने अपनी पांचवी बैठक, १७ दिसंबर को होटल अतिथि वन में संपन्न की। इस बैठक को क्रिसमस के सेंटा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने नए साल और क्रिसमस की पार्टी का आनंद लिया। इस बैठक में ३८ महिलाओं ने भाग लिया। तथा क्रिसमस थीम के ऊपर तरह-तरह के गेम खेले और डांस किया।

NORTH ZONE

Jaipur Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Jyoti Totla

वनबंधु परिषद जयपुर महिला समिति ने २७ सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर के प्रसिद्ध एतिहसिक जलमहल का भ्रमण किया। झील के मध्य स्थित महल को देखने हेतु सभी ३८ सदस्यों ने बड़े अत्यंत उत्साह, उंमग के साथ नौका विहार किया। भ्रमण के बाद महल के बगीचे में स्वल्पाहार के साथ श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा तैयार की गई राजस्थान पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन रखा गया।
सितम्बर माह में महिला समिति द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत २१ नए सदस्य सखी संगम व २७ सदस्य अभियान से जुड़े। कुल ४८ नए सदस्य बनाए गए ।

२१ अक्टूबर को शरद पूर्णिमा कार्यक्रम रखा गया। चैप्टर व महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती ज्योति माहेश्वरी व श्रीमती सविता कोठारी ने सभी का स्वागत किया!

कार्यक्रम के प्रथम भाग में सदस्यों ने मनमोहक गरबा नृत्य, डांडिया एवं माँ दुर्गा की आराधना पर नृत्य किया!

द्वितीय भाग में चैप्टर के पुरुष एवं महिला सदस्यों ने चाँद के ऊपर गानों व कविताओं की प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने सहभोज का आनंद उठाया। इसे गीत चाँदनी का नाम दिया गया।

इस सफल कार्यक्रम का लगभग १६० महिला व पुरुष सदस्यों ने आनंद उठाया एवं संस्था से कई नये परिवार जुड़े।

NORTH ZONE

Jaipur Mahila Samiti

वनबंधु परिषद जयपुर महिला समिति के द्वारा १६ दिसंबर को सखी संगम कार्यक्रम ३५ सखियों की उपस्थिति में जय क्लब में सानंद संपन्न हुआ। सभी सखियां नववर्ष के स्वागत के लिए उत्साहित थीं। जिन सखियों ने पहली बार वनयात्रा की थी उन्होंने अपना अनुभव साझा किया।
आगामी कार्यक्रम के अंतर्गत गौशाला दर्शन की जानकारी दी गई। साथ ही संक्रांति के लिए सभी बहनों ने अपना योगदान दिया। मनोरंजक हाऊजी व स्वादिष्ट नाश्ते का सबने आनंद लिया। मस्ती और नृत्य के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

दिनाँक ३१दिसम्बर को जयपुर कैलगिरी आई हॉस्पिटल में, बिराटनगर के १६ जनों की निःशुल्क सर्जरी सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। चैप्टर सदस्य श्री संदीप न्याति दवारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा हेतु ११०००/- रुपए की राशि का योगदान मिया।

दिनांक १४ जनवरी को एकल अभियान अंचल भीनमाल में मकर सक्रांति पर सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को सक्रांति भेंट वितरण की गई। बाकी सक्रांति भेंट सभी विभिन्न अंचल में वितरण के लिए भेज दी गई है।

वन बंधु परिषद महिला समिति जयपुर ने २६ जनवरी को जयपुर चैप्टर के साथ एकल भवन पर अपने ३१ कथाकार एवं ८ सेवानिवृत्त भाइयों के साथ ७३वा गणतंत्र दिवस मनाया। झंडारोहण के बाद महिला समिति के सदस्य एवं कथा कारों ने देशभक्ति के गीत गाए। महिला समिति ने अपने सभी सेवावृति भाइयों को सक्रांति उपहार स्वरूप १ ट्रॉली बैग व साड़ी भेंट की।

चैप्टर सचिव प्रदीपजी ने सभी का स्वागत किया एवं सविता जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कोषाध्यक्ष संदीपजी झवर ने कथाकारों को वेदव्यास की मर्यादा के बारे में सारगर्भित उद्बोधन दिया। माया जी बोथरा के सौजन्य से स्वल्पाहार हुआ।

NORTH ZONE

Jodhpur Mahila Samiti

By - Smt Jyoti Birla

वनबंधु परिषद जोधपुर की महिला समिति ने २४ जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस सिरोही अंचल के ग्राम पिटारी पादर में एकल विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मनाया।

ये गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या थी, अतः विद्यालय के बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। बच्चों के साथ राष्ट्र की जानकारी व देशभक्ति सम्बंधी प्रश्नोत्तर किए गये। सभी बच्चों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री, फल, बिस्किट का वितरण किया गया । माननीय प्रधानमंत्रीजी के Make in India के अनुसार सभी स्वदेशी वस्तुएँ ही दी गईं।

एकल विद्यालय के आचार्यों और कार्यकर्ताओं से संच भूला और वासा के मासिक अभ्यास वर्ग में भेंट की गई। मकर सक्रांति पर्व के उपहार स्वरूप सभी कार्यकर्ताओं को साड़ी भेंट की गयी । परस्पर संवाद और उद्बोधन द्वारा आचार्यों और कार्यकर्ताओं से नगर और ग्राम संगठन के दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गयी। वनयात्रा ने समिति सदस्यों में नए उत्साह का संचार किया।

EAST ZONE

Jamshedpur Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Nivedita Bernwal

वनबंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति ने एकल विद्यालयों में एकल के बच्चों व आचार्यों का बौद्धिक व शारीरिक विकास व क्षमतावान बच्चों की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से इंटर स्कूल प्रतियोगिता का विशेष कार्य सफलतापूर्वक किया।

इस प्रतियोगिता में कुल ६ विषय थे एक बच्चे का एक विषय में ही प्रवेश था। १-गणित २-सामान्य ज्ञान ३-योग ४-चित्रांकन ५-मंत्रोच्चारण ६-दौड़ (बालिका)-दौड़ (बालक) - सभी ५ संचों के १५० विद्यालयों में से कुल १८०० बच्चे उनके आचार्यों द्वारा प्रतियोगिता के लिए चुने गए। उपसंच, संच स्तर पर प्रतियोगिता कराई गई।

बच्चों व आचार्यों के लिए फ़ूड पैकेट्स की व्यवस्था की गई थी।

७ से १३ दिसम्बर को प्रत्येक संच में जमशेदपुर चैप्टर के भाई बहनो ने ही प्रतियोगिता कराई व विजेताओं को चुना।

सेमी फाइनल से चुने ६५ बच्चों का फाइनल मुकाबला घाटशिला के टाउन हॉल में १९ दिसंबर को अपने आचार्यों व पूर्णकालिनों की उपस्थिति में कराया गया। समिति के साथ इस दिन राष्ट्रीय महिला समिति की संरक्षिका पुष्पा जी मुंदरा, ईस्ट जोन की चेयर पर्सन शांताजी शारडा व कलकत्ता समिति से रंजनाजी मोदी की गरिमामय उपस्थिति थी।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी के अनुसार इनाम दिए गए। पूर्णकालीनों को भेंट व सबका आने जाने का किराया , भोजन की व्यवस्था समिति ने उत्साहपूर्वक की। अतिथियों ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की।

EAST ZONE

Jamshedpur Mahila Samiti

जमशेदपुर महिला समिति ने १६ जनवरी को अपने सभी सदस्यों के साथ सपरिवार ट्रेजर हंट खेल का आनंद लिया। यह खेल हमने व्हाट्सएप ग्रुप में खिलाया। इस साल बढ़ते हुए कोविड संक्रमण के कारण पिकनिक का आयोजन नहीं हो पाया था, इसलिए सभी सदस्यों को आपस में जोड़े रखने के लिए और उत्साह बनाए रखने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मौजमस्ती और मनोरंजन से भरपूर यह खेल बॉलीवुड गीतों पर आधारित था। सभी सदस्यों ने बहुत ही उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और खूब मस्ती की। प्रथम, द्वितीय व त्रितीय क्रमांक विजेताओं को उपहार भी भेजा गया।

वनबंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति के द्वारा ३० जनवरी २०२२ को पटमदा संच के कांकीडीह गांव में चिकित्सा शिविर सह वनयात्रा का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिला समिति की ४ बहनें, चैप्टर से ६ भाइयों के साथ चार अतिथि भी शामिल हुए। इस चिकित्सा शिविर में ४ डॉक्टरों द्वारा २६२ मरीजों का इलाज कर निशुल्क दवाइयां दी गई। साथ ही वनयात्रा के दौरान सदस्यों ने विद्यालय दर्शन भी किये तथा बच्चों से उनके पढ़ाई से संबंधित प्रश्न भी किए। बच्चों ने बहुत ही खूबसूरती से सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा और बाल गीत प्रस्तुत किए। चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से जमशेदपुर के डॉ गौरव, डॉ प्रवीण, डॉ ऋतु, डॉ अजय का सराहनीय योगदान रहा। समिति की बहनों ने बच्चों को कॉपीयां, पेन, चॉकलेट और नमकीन के पैकेट बांटे। यह चिकित्सा शिविर श्रीमती नंदिनी रुंगटा द्वारा प्रायोजित किया गया।

EAST ZONE

Kolkata Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Sangita Kejriwal

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष में १०,१०००००/- रुपए की नकद राशि का संग्रह किया गया। इसमें महिला समिति की सभी सदस्याओं का पूर्ण सहयोग रहा । बंगाल संभाग के ५२९ पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं के लिए उपहार स्वरूप प्रति कार्यकर्ता १५००/- रुपए की राशि भी संग्रहित की गई, जिसमें एक चादर, साड़ी, छाता और थर्मस सभी को वितरित किए जाऐंगे ।

हर साल की तरह इस बार भी समिति की तरफ से मकर संक्रान्ति के दान हेतु बड़ी संख्या में ऊनी कपड़े, चादर, शाल एवं बर्तन कम दाम में सभी दानदाताओं को उपलब्ध करवाए गए। इस प्रकार इस सामान के विक्रय से भी अच्छी राशि अर्जित की गई।

इस कार्य में विशेष रूप से हमारी वरिष्ठ सदस्या आदरणीय श्रीमती शीला चितलांगिया, श्रीमती अलका मोदी एवं श्रीमती शशि पोद्दार के मार्गदर्शन एवं उनकी समर्पित कार्यशैली का अत्यंत सहयोग रहा। शांताजी सारडा का भी पूरा सहयोग रहा ।

EAST ZONE

Kolkata Mahila Samiti

वनबंधु परिषद महिला समिति कोलकाता द्वारा १८ एवं १९ दिसंबर २०२२ को शिवनिवास एकल विद्यालय एवं नवद्वीप धाम प्रशिक्षण केंद्र की वनयात्रा आयोजित की गई, जिसमें ४० सदस्य उत्साह पूर्वक शामिल हुए। बस में रोचक खेल व देशभक्ति गान व संगीतमय तंबोला से सबका मनोरंजन किया।

नवद्वीप धाम प्रशिक्षण केंद्र में छात्रों को कथाकार बनने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस केंद्र की स्थापना, गतिविधियों और उसके प्रभावों से वन यात्रियों को अवगत कराया गया तथा छात्रों ने अनुभव भी साझा किए। छात्रों ने अपने भजनों और कथाओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों को और कार्यकर्ताओं को उपहार भी दिए गए। वनयात्रा के दूसरे दिन वनयात्रियों को शिवनिवास एकल विद्यालय ले जाया गया, जहां परंपरागत विधि से आचार्यों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों के नृत्य और गान की सब ने बहुत प्रशंसा की। छात्रों ने अंग्रेजी शब्दावली एवं योग आदि का प्रदर्शन भी किया। छात्रों आचार्यों एवं कार्यकर्ताओं को उपहार भी दिए गए। इसके पश्चात सबने नवद्वीप महादेव मंदिर में शिवलिंग का दर्शन भी किया। मायापुर मंदिर को 'Land of Spiritual Bliss' के नाम से जाना जाता है। वहां सदस्यों के रात्रि विश्राम व्यवस्था की गई। सबने इस्कॉन मंदिर का दर्शन किया और संध्या आरती का आनंद लिया। सदस्यों ने गंगा आरती में भी भाग लिया और गौशाला का निरीक्षण किया। वनयात्रियों ने एकल द्वारा किए जा रहे कार्यकलापों की बहुत सराहना की।

EAST ZONE

Patna Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Neeta Goel

वनबंधु परिषद पटना महिला समिति की मासिक बैठक २७ दिसम्बर को ३१ सदस्यों की उपस्थिति में हुई।
ॐ व एकल प्रार्थना के पश्चात मीटिंग में वनवासी बच्चों की शिक्षा और उनकी माताओं को सिलाई सिखाने के लिये विचार विमर्श किया गया।
ऑक्सिजन गौशाला के श्री विनोद सिंहजी द्वारा देशी गाय के दूध और उसकी गुणवत्ता पर प्रकाश डाला गया। जिससे सबको नई जानकारी मिली।
कुछ नये सदस्य जुड़े।
सक्रांति संग्रह और सेवा पात्र की चर्चा भी हुई।
तंबोला व जलपान के बाद मीटिंग का समापन शांति मंत्र के साथ किया।
श्री विनोद सिंहजी द्वारा देसी गाय के गोबर की खाद से की हुई जैविक खेती के फायदे भी बताएं गए और गौ माता की पालन मे सहयोग कर उनकी रक्षा करने का संदेश भी दिया गया। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पटना महिला समिति ने ८ जनवरी को गौ माता को अति ठण्ड से बचाने के लिए ऑक्सीजन गौशाला को कम्बल भेंट की दी।

२६ जनवरी को पटना महिला समिति ने शांति कुटीर में बच्चों के साथ देश का ७३वा गणतन्त्र दिवस बहुत अच्छी तरह से मनाया। बच्चों के चेहरे पर खुशी की चमक देखते ही बनती थी।

इसी दिन समिति के द्वारा १ बेरोजगार व्यक्ति को स्वरोजगार हेतु १ ठेला प्रदान किया गया। १ अत्यन्त निर्धन व्यक्ति को १ चौकी और कुछ सामान प्रदान किये गये।

EAST ZONE

Raipur Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt Priyanka Mishra



वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। मकर सक्रांति धनराशि संग्रह मुख्य विषय था। अध्यक्ष कांताजी सिंघानिया ने अधिकाधिक संक्रांति संग्रह करने के लिए सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी अनिताजी खंडेलवाल ने उनकी ओर से बहुत शीघ्र १ लाख रुपये जमा करवाने का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों ने ४ फरवरी के पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया। सभी ने अधिकाधिक संग्रह के लिए अपने विचार व सुझाव व्यक्त किए।

EAST ZONE

Ranchi Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Anita Tulsyan

On 22nd January FTS Ranchi Mahila Samiti organized Sankranti Karyakarta Samman Samaroh at Marwari Arogya Bhawan. Shri Shyamji Gupt, founder of Ekal Abhiyan was present on this occasion. He guided the karyakartas about their role and briefed them about Ekal Abhiyan's work in rural areas. After this, Sankranti gifts were given to the karyakartas. The gift hampers consisted of a Saree with a blouse piece, an umbrella, a bedsheet, water bottle and a food packet with tea. 32 karyakartas of Ratu anchal were felicitated on that day. In this event Smt Ushaji Jalan - Patron, Smt Rekhaji Jain - Secretary-East Zone, Shri Ramesh Dharnidharkaji - President Ranchi Chapter, Smt Babitaji Jalan- President Mahila Samiti, Smt Anitaji Tulsyan - Secretary Mahila Samiti, Smt Suman Minochaji, Smt Vijaya Ajmaniji, Smt Raj devi Rajgariya and other members were present. Shri Shyamji appreciated the work done by Ranchi Mahila Samiti.

वन बंधु परिषद राँची महिला समिति ने २६ जनवरी, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर नन्हें बच्चों में देशभक्ति व देशप्रेम को जागृत करने के उद्देश्य से एक प्रतियोगिता रखी। कुछ बच्चों के विडीयो भी बनाए।

NORTH EAST ZONE

Dibrugarh Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Anu Deora

१५ नवंबर को जनजातीय समुदाय के गौरव विरसा मुंडाजी की याद में प्रति वर्ष देश भर में 'जन जातीय गौरव दिवस मनाया जाय' यह मुहिम चल रही है। इसी सन्दर्भ में डिब्रूगढ महिला समिति के सचिव सारिका मोदी ने हनुमान चालीसा को असमिया भाषा में छपा कर प्रत्येक संच में हरेक छात्र को उपलब्ध कराया। कुल ११००० पर्चे बांटे गए।

वनबंधु परिषद महिला समिति डिब्रूगढ़ ने चैप्टर व अंचल समिति के साथ डिब्रूगढ संच के लाहोवाल राची लाईन में २ डिसेंबर २१ को वनयात्रा की। दीप प्रज्वलन के बाद एकल विद्यार्थियों द्वारा ओंकार, गायत्री मन्त्र तथा सरस्वती वंदना की गई। समिति पदाधिकारी व अतिथियों ने आचार्य और ग्राम समिति के साथ वार्तालाप किया। मिठाई, लड्डू और कम्बल का वितरण किया गया।

२३ तारीख को की गई समिति की मासिक बैठक का मुख्य अजेंडा आगामी संक्रांति संग्रह तथा क्षेत्र की बेहतरी का चिंतन व ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार था

NORTH EAST ZONE

Dibrugarh Mahila Samiti

डिब्रूगढ़ महिला समिति ने १५/०१/२२ को मासिक बैठक की। बैठक के दौरान भविष्य के कार्यक्रम पर चर्चा की गई। तथा भगवत कथा प्रशिक्षक के बहनों और भाईयों के साथ बिहू का उत्सव भी मनाया गया। संक्रांति के उपलक्ष्य में उपहार व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में १०० किलो एकल हल्दी बेची। १४ सामानों में एकल की हल्दी दान देने हेतु प्रचार किया और नगर की महिलाओं ने भी इसके अनुसार अपना सहयोग दिया।

चैप्टर के कार्यालय में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का बड़ी धूमधाम से आयोजन हुआ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें महिला समिति का बहुत बडा योगदान रहा। सभी अख़बारों ने इसे प्रकाशित किया। कुछ संचों में भी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

NORTH EAST ZONE

Guwahati Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Vandana Bagaria

वनबंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिति ने मोरीगाँव अंचल में नेत्र शिविर लगाकर १०५ से अधिक ग्रामीण बंधुओं की नेत्र जाँच कराई। २० लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनकी शल्य चिकित्सा शंकर नेत्रालय में कराने का निश्चय किया गया। जिन लोगों की आखों में रोशनी कम पाई गई उन्हे चश्मे दिए गए।

गांव के बच्चों द्वारा झूमर नृत्य से स्वागत ने सभी डॉक्टरों का मन मोह लिया। बच्चों को प्रश्नोत्तर के बाद उपहार व आचार्यों को कपड़े दिए गए। बाद में खिचड़ी का सहभोजन हुआ।

गुवाहाटी महिला समिति ७३वां गणतंत्र दिवस समारोह एकल भवन में कथा वाचन की प्रशिक्षण प्राप्त करने आए भाइयों व बहनों के साथ मनाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अरूणजी बजाज सपत्नीक उपस्थित थे,उन्होंने झंडावंदन किया।

बहनों द्वारा बहुत सुंदर देशभक्ति गीत, नृत्य एवम नाटक प्रस्तुत किए गए। अरुणजी बजाज के उद्बोधन व अल्पाहार के बाद सभा समाप्त हुई।

SOUTH ZONE

Bangalore Mahila Samiti

By Media Prabhari - Smt. Anita Jain



वनबंधु परिषद बेंगलुरु महिला समिति ने २८ जनवरी को 'खिलाड़ी नंबर वन' कार्यक्रम वर्चूअली किया जिसका मुख्य उद्देश्य समिति सदस्यों को मनोरंजन के माध्यम से जोड़े रखना था।

अध्यक्षा पुष्पाजी सारडा के स्वागत भाषण के बाद, आयोजक अनीताजी ने बड़ी लगन से चित्रों द्वारा मुहावरे समझने, फिल्मी गानों पर आधारित प्रश्न तथा मेमरी गेम खिला कर सब का भरपूर मनोरंजन किया। काग़ज़ को मोड़ कर कोई भी चीज़ बनाने वाले राउंड में नाव, बटुआ, पंखा, हवाई जहाज आदि बनाने में तो बचपन की यादें ताज़ा हो गईं। खेल में एक राउंड एकल से संबंधित प्रश्नों पर भी रखा गया था।

महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया। साउथ जोन की अध्यक्षा सरिताजी भंसाली व सचिव रेणुजी की उपस्थिति उत्साहवर्धक थी। विजेताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार सरिताजी भंसाली की तरफ प्रायोजित थे।

बैंगलोर महिला समिति द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष में संग्रह किया गया। संक्रांति प्रभारी कांताजी काबरा और सभी महिलाओं का पूर्ण सहयोग रहा । कुल १,१८,३०४/- की नकद राशि का संग्रह किया गया।

बैंगलोर चैप्टर के अंतर्गत ७२ पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं के लिए उपहार स्वरूप प्रति कार्यकर्ता १५००/- रुपए का सामान दिया गया जिससे एक बैकपैक, साड़ी, ठंडे व गर्म पानी की बोतल और एक इमरजेंसी लाइट वितरित की गई ।

समिति की तरफ से दान हेतु बड़ी संख्या में कम दाम में सभी दानदाताओं को सामान उपलब्ध करवाया गया, जिसके विक्रय से अच्छी राशि अर्जित की गई। अध्यक्ष पुष्पाजी सारड़ा ने समिति सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की।

Thankyou. That's all for this edition.